छात्रावास
Hostel

# डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय

दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश शासन
**Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow**
Divyangjan Empowerment Department, Govt. of Uttar Pradesh

पत्रांक 867/पु0छा0/डीएसएमएनआरयू/2025–26 दिनांक 04 अक्तूबर, 2025

## //सूचना//

विश्वविद्यालय के पुरूष छात्रावास द्वारा निर्गत पूर्व सूचना पत्रांक–855/पु0छा0/डीएसएमएनआरयू/2025–26, दिनांक–29.09.2025 के तारतम्य में पुरूष छात्रावास में पूर्व आवासित तथा नवप्रवेशित दिव्यांग एवं गैर दिव्यांग छात्रों को सूचित किया जाता है कि नवीन शैक्षणिक सत्र 2025–26 हेतु पुरूष छात्रावास में कक्ष आवंटन हेतु समर्थ पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि पूर्व में दिनांक–06.102025 तक निर्धारित की गयी थी। छात्रों की सुविधा के दृष्टिगत उक्त तिथि को दिनांक–14.10.2025 तक विस्तारित किया जाता है। समस्त छात्रों को छात्रावास आवंटन के लिए URL:dsmru.samarth.edu.in के माध्यम से login करने के उपरान्त Service Tab में जाकर पुरूष छात्रावास आवंटन हेतु अपना पंजीकरण करना होगा।

शैक्षणिक सत्र 2025–26 हेतु पुरूष छात्रावास में कक्ष आवंटन हेतु आनलाईन आवेदन करने के दौरान निम्न अभिलेखों को अपलोड किया जाना आवश्यक है–

1. पूर्व सत्र का अंक पत्र (अनिवार्य रूप से)।
2. सहमति/शपथ–पत्र (अनिवार्य रूप से)। (प्रारूप संलग्न)
3. स्वास्थ्य प्रमाण–पत्र (अनिवार्य रूप से)। (प्रारूप संलग्न)
4. दिव्यांगता प्रमाण–पत्र (केवल दिव्यांग छात्रों हेतु)।
5. निवास प्रमाण–पत्र (अनिवार्य रूप से)।

(समस्त अभिलेखों को एक साथ सेलेक्ट करके अपलोड किया जाना अनिवार्य है)।

(प्रो0 वीरेन्द्र सिंह यादव)
चीफ प्रोवोस्ट, छात्रावास

पृष्ठांकन संख्या व दिनांक उपरोक्तानुससार।
प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित–

1. वैयक्तिक सहायक, कुलपति को माननीय कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ।
2. कुलसचिव, विश्वविद्यालय।
3. अधिष्ठाता शैक्षणिक, विश्वविद्यालय।
3. अधिष्ठाता छात्र–कल्याण, विश्वविद्यालय।
✓ सिस्टम एनालिस्ट, विश्वविद्यालय को वेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु।

04/10/2025

(प्रो0 वीरेन्द्र सिंह यादव)
चीफ प्रोवोस्ट, छात्रावास